2 SEM TDC HND MIL (A) 1

2020

HINDI

(Modern Indian Language)

(Arts)

Course : 201

(हिन्दी गद्य तथा व्याकरण)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **9***

Full Marks : 80

Pass Marks : 32/24

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **11***

Full Marks : 100

Pass Marks : 40/30

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'काली आँधी' उपन्यास का मुख्य चरित्र किस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है?

(ख) जो लोग हिन्दू-मुस्लिम एकता के व्रत में दीक्षित हैं, वह कबीरदास को अपना क्या मानते हैं?

(ग) 'प्रत्यय' किसे कहते हैं?

(घ) कहानीकार सुदर्शन का असली नाम बताइए।

(ङ) हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार वाणी के डिक्टेटर कौन हैं?

(च) एक धमाके के साथ राजनीति में कौन आयी थी?

(छ) कपड़ा बुनना किस प्रदेश की मुख्य सामाजिक प्रथा है?

(ज) अधिकरण कारक के विभक्ति चिह्न क्या हैं?

2. "काश हम प्रभु श्रीराम के आदर्श को, उनकी मर्यादा को हृदयंगम कर पाते, तो शायद भारत पर साम्प्रदायिक दानवों का नंगा नाच बार-बार नहीं हो पाता।" इस कथन के द्वारा लेखक किस प्रकार के भारतीय समाज की प्रतिष्ठा करना चाहता है? 11

अथवा

बैजू बावरा ने किस प्रकार अपनी कला-साधना के बल पर तानसेन के अहंकार को चूर-चूर कर दिया, अपने शब्दों में लिखिए।

3. "'काली आँधी' उपन्यास तत्कालीन राजनीति में अवसरवादिता के बढ़ने तथा गरीबी और भूख मिटाने की खोखली मुहिम चलाने का प्रभावी चित्रण प्रस्तुत करता है।" इस कथन के आधार पर 'काली आँधी' में वर्णित राजनैतिक प्रपंच पर प्रकाश डालिए। 11

अथवा

'काली आँधी' उपन्यास में वर्णित विभिन्न प्रसंगों के आधार पर मालती का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $8 \times 2 = 16$

(क) "होहिं हें वही जो राम रचि राखा।
का करि तर्क बढ़ावहिं शाखा॥"

अथवा

"मनुष्य-मनुष्य में कितना भेद होता है। परन्तु मनुष्यत्व एक चीज है, जो कभी-कभी भेद की सब दीवारों को लाँघ जाती है।"

(ख) "मजहब बड़ी चीज है, पर हमारी सबसे बड़ी जरूरत है गरीबी और भूख को मिटाना।"

अथवा

"जीतने वाला तो जीतता ही है, हारने वाला भी एक दिन जीत जाता है—लेकिन पछताने वाला हमेशा पछताता ही रह जाता है।"

5. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय संक्षेप में स्पष्ट कीजिए : 3×3=9

(क) जिस पर मनुष्य सर्वापेक्षा अपना भरोसा करता है, जब उसी से अपमान और तिरस्कार प्राप्त हो, तब मन वितृष्णा से भर जाता है।

(ख) जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए...।

(ग) कोई भी धर्म छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी धर्म प्रभु के पास पहुँचाते हैं। रास्ते अलग हो सकते हैं।

6. 'काल' की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए। 5

अथवा

'उपसर्ग' किसे कहते हैं? उपसर्गों के प्रयोग से शब्दों की कितनी स्थितियाँ होती हैं?

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच अनेकार्थक शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए : 1×5=5

घन ; पद ; राग ; अंतर ; अक्षर ; अंक ; गुण ; पतंग।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

कलम तोड़ना ; खाक छानना ; नौ-दो ग्यारह होना ; लकीर का फकीर होना ; गर्दन काटना ; भीगी बिल्ली बनना ; टोपी उछालना।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) मेरे सपनों का भारत

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ग) धर्म और राजनीति

(घ) मेरा प्रिय साहित्यकार

(ङ) आम चुनाव और भ्रष्टाचार

(In lieu of Internal Assessment)

10. 'दुःख' अथवा 'बैजू बावरा' कहानी की विशेषताओं पर अपना विवेचन प्रस्तुत कीजिए। 10

11. 'काली आँधी' उपन्यास में वर्णित कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। 10

★★★